# राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम के दौरान अधिकारी रहें मुस्तैद : उपायुक्त

- **उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री ने रविवार को आर्मी ग्राउंड खोजा टोली नामकुम में सोमवार को होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सभी पदाधिकारियों/ दंडाधिकारियों/ पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग करते हुए उन्हें विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं सुगम यातायात संधारण हेतु कई निर्देश दिए।

**पूरे कार्यक्रम के दौरान मुस्तैद रहने के निर्देश**

सोमवार को होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त रांची ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी/ पदाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी/ कर्मी पूरे कार्यक्रम के दौरान मुस्तैद रहें ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो जाए। उन्होंने सभी से विशेष रूप से कहा कि सभी लोग नियत समय पर अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अपनी जिम्मेदारी ले लेंगे, ताकि सभी व्यवस्था सुचारू रूप से पूरा हो सके। इतनी भारी संख्या में लाभार्थी कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं, जिसके लिए जिला प्रशासन के तरफ से पूरी व्यवस्था सुदृढ़ रूप से की गई है, ताकि उन्हें कोई परेशानी ना हो।

**कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर बैठक**

उपायुक्त रांची द्वारा सोमवार को होने वाले राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर जिला के वरीय अधिकारियों/ पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा अनुरूप क्रमवार समीक्षा करते हुए इसे अच्छे से पूरा कराने का दिशा-निर्देश दिया। साथ ही सभी सम्बंधित अधिकारियों/ पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता पूर्वक निभाने को कहा।

**लोक कलाकार नृत्य-संगीत की प्रस्तुति देंगे**

जानकारी हो कि सोमवार को होने वाले झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में लोक कलाकार नृत्य-संगीत की प्रस्तुति देंगे। जिसमें लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कलाकारों द्वारा गीत-नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। एक ओर जहां आधुनिक नागपुरी गायक पवन राय, कुडुख गायक सुरेंद्र कुजूर और सादरी गायक इग्नेश कुमार अपनी गायकी का प्रदर्शन करेंगे तो वहीं दूसरी ओर झारखंड के पारंपरिक नृत्यों जैसे पाइका, छऊ आदि का भी कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

इस ब्रीफिंग में उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची, सुमित कुमार अग्रवाल, अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, सहायक समाहर्ता, आदित्य पांडेय, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पांडेय एवं सम्बंधित जिला स्तरीय सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सखी बहीनपा रांची इकाई ने किया गर्म कपड़े का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सामाजिक जीवन में दूसरों को खुशी देने से खुशी एवं संतुष्टि मिलती है। ऐसी भावना के संग रविवार को मैथिली भाषी महिलाओं की अंतरराष्ट्रीय संस्था 'सखी बहिनपा मैथिलानी समूह' के रांची इकाई की सखियों के द्वारा आइटीआइ परिसर हेहल, रांची अवस्थित बालाश्रय के बच्चों के बीच ठंढ को देखते हुए गरम कपड़े, कंबल तथा तिलकुट, चूड़ा, गुड़ आदि सामग्री का वितरण किया गया। इस बालाश्रय में वैसे अनाथ बच्चों की संख्या अधिक है जो फुटपाथ, रेलवे प्लेटफार्म पर या अन्य जगहों पर बहुत छोटी उम्र में पड़े मिलते हैं, जिनकी खोज-खबर लेने हेतु कोई परिजन नहीं आते हैं।

आयोजन का उद्देश्य समाज के ऐसे ही वंचित एवं अपने लोगों से परिस्थितिवश दूर रहने वालों के बीच खुशी एवं स्नेह देना है।

ज्ञातव्य हो कि 'सखी बहिनपा मैथिलानी समूह' इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम करते रहती है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबिता झा, अनीता झा, बिट्टू झा, इन्दिरा झा, देवता मिश्रा, प्रतिभा मिश्रा, नमीता मिश्र, मधु झा, कल्पना मिश्रा, रंजू मिश्रा एवं सरिता सहित अनेक सखियां सम्मिलित हुई।

## अपनी साख को बरबाद करने में लगे हैं लालू-तेजस्वी : जदयू



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जनता दल यू का एनडीए गठबंधन से निकलकर इंडिया गठबंधन में जाने की बात बिल्कुल ही निराधार है। और यह लालू और उनके पुत्र तेजस्वी के दिमाग की उपज है। बिहार के मुख्यमंत्री जिस नीतीश को निशाना बनाकर यह खेल खेला गया उन्होंने ही इस बात को सिरे से खारीज कर दिया है। असल में बिहार में राजद का आस्तित्व खत्म हो रहा है इसलिए लालू परिवार अपना आपा खोकर ऐसी बातें करके अपनी भद्द खूद पीटवा रहा है। उक्त बातें प्रदेश जदयू महासचिव संतोष कुमार सोनी ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का हवाला देते हुए कही हैं। उन्होंने कहा ऐसा करके लालू तेजस्वी बिहार में अपने दिवालियापन का परिचय दे रहे हैं। पिता-पुत्र दोनों का ही बिहार में सफाया हो चुका है, अब भाजपा और प्रधानमंत्री की आड़ में अपनी बची-खूची साख को भी बरबाद करने में पड़े हैं।

## समापन की पूर्व संध्या पर खादी मेले में उमड़ी भीड़

- **रागी लड्डू, रागी चिप्स सहित रागी उत्पाद रहे डिमांड में**
- **सभी स्टॉलों में जुटे खरीदार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के 17वें दिन सुबह से ही लोगों का आगमन शुरू हो गया था। रांची के अलावे आसपास से भी लोग मेला घूमने आए। सभी स्टॉलों में बहुत ज्यादा भीड़ देखने को मिली। रविवार को लगभग 30,000 लोगों ने मेले का आनंद लिया। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड की ओर से स्थानीय शिल्पकारों को स्टॉल दिया गया। बुंडू से आए शिल्पकारों ने बताया कि उनके लकड़ी से बने यूनिक सामानों को मेले में अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। उनके पास 150 से 6000 तक के सामान उपलब्ध हैं।

मेले में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से तनाव मुक्त राजयोग प्रदर्शनी लगाई गई है। वहीं इस बार रागी के लड्डू, रागी चिप्स, रागी मिक्सचर और रागी निमकी खूब डिमांड में रहे। मेले में पलाश ब्रांड के स्टॉल पर जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडल की सभी दीदियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अविनाश कुमार मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एवं मनोज कुमार, सचिव, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने भी खादी मेले का परिभ्रमण किया। कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा चुटू सिंह मुंडा एवं दल द्वारा आदिवासी छऊ नृत्य पार्टी और माधवी कुमारी एवं दल के द्वारा हिन्दी गायन की गयी।

## खबर एक नजर में

### बंका मेमोरियल ट्रस्ट ने किया कंबल वितरण




**रांची।** राजधानी में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए बंका मेमोरियल ट्रस्ट ने रातू रोड स्थित इंद्रपुरी रेड नं.1 में जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया। सौ से अधिक बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं ने इसका लाभ उठाया एवं दिल से ट्रस्ट का धन्यवाद किया। ट्रस्ट के दीपक बंका ने खासकर बुजुर्गों एवं अन्य लोगों को सर्दी से बचकर रहने की सलाह दी। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्य दीपक बंका, अमित कुमार, पुनम सिंह, रीमा वर्मा आदि लोग शामिल थे।

### एचडीएफसी बैंक ने वन-डे रेलवे शील्ड 2025 का किया आयोजन



**रांची।** एचडीएफसी बैंक ने दक्षिण पूर्व रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन के साथ मिलकर वन-डे रेलवे शील्ड 2025 का आयोजन रविवार को किया गया। इस आयोजन में विभिन्न रेलवे की टीमों ने भाग लिया और एक दिन में कई रोमांचक मैच खेले गए। इस आयोजन के दौरान, एचडीएफसी बैंक ने रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य और वित्तीय सेवाएं भी प्रदान कीं। इस अवसर पर रांची के डिवीजनल रेलवे मैनेजर जसमीत सिंह बिंद्रा ने बैंक को इस पहल और सभी रेलवे कर्मचारियों को एक छत के नीचे लाने के लिए एचडीएफसी बैंक को भी धन्यवाद दिया। एचडीएफसी बैंक, जोनल हेड – झारखंड कुमार अभिषेक ने समर्थन और सहयोग के लिए रेलवे को धन्यवाद दिया और साथ ही निकट भविष्य में इसी तरह के अभियान का वादा किया। इस कार्यक्रम के दौरान शाखा के सभी वरिष्ठ सदस्य विभिन्न कार्यक्षेत्रों के कर्मचारियों के साथ उपस्थित थे।

### जसपुरिया काड़ा पूजा मेला समिति के अध्यक्ष बने श्रवण मुंडा

**सिकिदिरी।** श्रवण मुंडा को जसपुरिया कड़ा पूजा मेला समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। रविवार को पूजा स्थल प्रांगण में श्रवण मुंडा की अध्यक्षता में एक बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 28 जनवरी मंगलवार को काड़ा पूजा एवं मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला के सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी गठित की गई। जिसमें अध्यक्ष श्रवण मुंडा, सचिव मनीराम रजवार, कोषाध्यक्ष जयनंदन सिंह, प्रवक्ता शिवधर रजवार को बनाया गया है। मौके पर जगेश्वर सिंह, बीरबल सिंह, कोटवार सुरेंद्र सिंह, पाहन पूजारी मैनेजर पाहन, महेश महतो, राजेन्द्र बेदिया, बिनोद रजवार, सीताराम रजवार, मनी मुंडा, शिवधर रजवार, प्रकाश यादव, फारुख खान, आनंद महतो, विजय करमाली, सुरेश करमाली, भोला सिंह, बिहारी महतो आदि उपस्थित थे।

### कोयला लदा हाइवा दुर्घटनाग्रस्त, चालक सुरक्षित

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालोंग टेना मोड़ के पास अनियंत्रित होकर कोयला लदा हाइवा पलट गया। मिली जानकारी के अनुसार कोयला लदा हाइवा जेएच 02बीएस 8506 मगध आम्रपाली कोयला खदान से लोड होकर भुरकुंडा साइडिंग जा रहा था। इस दौरान हेसालौंग टैना मोड़ पर लोड कोयला वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना रात्रि लगभग 11:30 बजे की बतायी जाती है। हाइवा दुर्घटना होने से चालक को माथा में आंशिक रूप से चोट आयी थी। घटना की जानकारी मैक्लुस्कीगंज पुलिस को दी गयी। ततपश्चात चालक को दुर्घटनाग्रस्त वाहन से निकाल कर प्राथमिक उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया। उधर दुर्घटना होने से ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की कि कोयला परिवहन तय रूट (सड़क मार्ग) से किया जाये। मैक्लुस्कीगंज बालूमाथ रूट पर हाइवा से कोयला परिवहन के लिए प्रतिबंध माना जाता है।

### आरोग्य फाउंडेशन आफ इंडिया ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

सिल्ली। एकल आरोग्य बंता संच के सहयोग से आरोग्य फाउंडेशन आफ इंडिया की ओर से एकल आरोग्य प्रकल्प योजना के तहत सिल्ली प्रखंड के अडाल गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में रविवार को एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों के लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावे स्वास्थ्य शिविर प्रखंड के करियाडीह एवं तुनकु में भी आयोजित किया गया। तीनों गांव में करीब तीन सौ लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई उनको नि:शुल्क दवाइयां भी दी गईं। तीनों गांव में मरीजों की जांच रिम्स से आए छह सीनियर चिकित्सकों की टीम के देखरेख में किया गया। इस टीम में डा. मुकुल भाटिया, डा. राजमोहन, डा. भूपेश, डा. दिवेश शामिल हैं। इनके सहयोग के लिए रिम्स से ही विभिन्न विभागों से तीस प्रशिक्षु चिकित्सकों के दल ने भी सहयोग किया। इनमें से डॉ राजकुमार राय, डॉ जूही सिंह, डॉ रवि कुमार, डॉ विपिन कुमार, डॉ विवेक कुमार सहित तीस चिकित्सकों ने सहयोग किया। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन आरोग्य संच समिति सिल्ली के अध्यक्ष राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंहदेव ने ओंकार ध्वनि सरस्वती मंत्र के साथ किया गया। इससे पूर्व गांव में स्वच्छता पर जागरूकता के लिए गांव में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल चिकित्सक और ग्रामीण अडाल गांव के विभिन्न मोहल्लों में जाकर स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी। इस मौके पर आरोग्य संभाग महिला समिति के नीलम रानी, मंदिरा गोगोई, कुमकुम, एकल आरोग्य प्रकल्प के कार्यालय प्रमुख राजनाथ महतो, प्रशिक्षण प्रमुख डॉ मनीष, सीटीओ सुरेन्द्र कुमार महतो, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर संतोषी देवी, संच कॉर्डिनेटर सावित्री देवी, विलासो देवी, सेविका सोमारी देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं मौजूद थे।

## सीपीएम का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन नामकुम में 9 से 11 जनवरी तक

- **24 जिलों से 350 निर्वाचित प्रतिनिधि और दर्शक होंगे शामिल**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सांप्रदायिक-कॉरपोरेट गठजोड़ की लूट और नफरती मुहिम के खिलाफ और एक बेहतर झारखंड के लिए समर्पित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 9 से 11 जनवरी तक एटीसी नामकुम, रांची में होगा। सम्मेलन में पूरे राज्य के 24 जिलों से निर्वाचित 75 महिला सहित 350 प्रतिनिधि और ऑब्जर्वर शामिल होंगे। जो राज्य भर में फैले सीपीएम के 5500 पार्टी सदस्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी रविवार को पार्टी राज्य कार्यालय में सीपीएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य और स्वागत समिति के सचिव प्रफुल लिंडा ने संवाददाता सम्मेलन में दी।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन स्थल का नाम पार्टी के दिवंगत महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी के नाम पर होगा। सभागार का नाम प. बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के स्मृति में रखा गया है जबकि मंच का नाम शहीद सुभाष मुंडा मंच रखा गया है। 9 जनवरी को दोपहर ढाई बजे खुला सत्र का आयोजन किया गया है, जिसे माकपा के झारखंड प्रभारी पूर्व सांसद और पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड बृन्दा करात, पूर्व सांसद और पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड रामचंद्र डोम, राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, जाने माने साहित्यकार और स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉक्टर रणेन्द्र संबोधित करेंगे।

सम्मेलन की तैयारी के लिए पूरे रांची जिला में कोष संग्रह किया जा रहा है। रांची शहर को झंडों और बैनरों से सजाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीपीएम का यह राज्य सम्मेलन ऐतिहासिक होगा और जनता के ज्वलंत मुद्दों पर पूरे राज्य में आंदोलन तेज करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी और संगठन का विस्तार किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान और स्वागत समिति के कोषाध्यक्ष अमल आजाद भी मौजूद थे।

## चन्द्र अघोर आश्रम में भंडारा आज, शोभायात्रा निकली



**रांची।** कांके स्थित सुकुरहुट्टू में स्थापित चन्द्र अघोर आश्रम में दादा गुरु योगिराज श्री रामनाथ अघोरी एवं उनके शिष्य वीरनाथ अघोरी महाराज का वार्षिकी सह भंडारा का आयोजन आज किया जायेगा। ज्ञात हो कि चन्द्र अघोर आश्रम नाथ संप्रदाय का एक ख्यात सिद्ध आश्रम है जिसे महंत चंद्रभूषण नाथ अघोरी ने 2014 में स्थापित किया था। वार्षिकी के आयोजन में देश-विदेश के नाथ संप्रदाय के हजारों की संख्या में सन्त आये हैं एवं आश्रम में लगातार दो दिनों तक वार्षिकोत्सव सह भंडारा का कार्यक्रम चलेगा। रविवार को वार्षिक सह भंडारा को लेकर इस अवसर पर आज एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों संत सम्मिलित हुए।

## अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची।** अंतराष्ट्रीय मैथिली परिषद के रांची इकाई के तत्वावधान में रविवार को मैथिली दिवस के आगमन के अवसर पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर परिषद के सदस्यों ने रक्तदान किया। मौके पर विश्वम्भर फॉउंडेशन के सचिव सह परिषद के संरक्षक नवीन कुमार झा, जिला के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार झा, महासचिव राजीव झा, संगठन सचिव आनंद झा नंदूजी, सुनील कुमार झा, गगन मिश्रा, आद्या चरण झा, किशोर झा, मृत्युंजय झा संग कई ने रक्तदान किया। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक विनोदानंद झा, सुशील कुमार झा एवं अमरनाथ झा उपस्थित थे। रक्तदान शिविर में नागरमल मोदी सेवा सदन के ब्लड बैंक ने अपने तकनीकी सहयोगियों के संग सहयोग किया। सेवा सदन के तरफ से रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र एवं प्रतीक चि? देकर सम्मानित किया गया।

## पैसे और पैरवी पर सहायक प्रोफेसर बहाल किया

**उर्दू रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएशन का आरोप**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** उर्दू रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएशन ने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए मोहम्मद इकबाल, तनवीर मजहर, शगुफ्ता बानो और आसमा परवीन शोधार्थी ने कहा कि 2022 का विज्ञापन में कई छात्रों ने 500 का फीस देकर एप्लीकेशन दिया लेकिन बिना एकेडमिक परफॉर्मेंस इंडेक्स को जारी किए मौलाना आजाद कॉलेज कमेटी ने मनमानी तरीके से तीन लोगों को उर्दू में और दो लोगों को इतिहास विषय में ले^रर की बहाली कर दी गई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में हम लोगों ने मौलाना आजाद कॉलेज के प्रिंसिपल को चिट्ठी लिखा, रांची विश्वविद्यालय कुलपति को चिट्ठी लिखा गया और जेपीएससी के अध्यक्ष से मिलकर शिकायत की गई। इस तरह की बहाली को रोका जाए। उन लोगों ने आश्वासन भी दिया लेकिन उसके बावजूद भी छोटे अखबार में विज्ञापन निकाल कर तीन लोगों को फॉर्म भराया गया उन्हीं तीनों का मेरिट लिस्ट तैयार कर उन्हें बहाल करने के लिए आगे फाइल बढ़ाया गया और सिंडिकेट से भी पास हो गया।

उन्होंने कहा कि विज्ञापन जारी कर बहाली फिर से किया जाए, अगर ऐसा नहीं होता है तो हम लोग कोर्ट में कालेज कमेटी प्रबंधन, रांची विश्वविद्यालय और जेपीएससी के खिलाफ जाने की तैयारी में है।

## आरटीई एक्ट में संशोधन को रद्द करवाने का किया जाएगा प्रयास : केशव कमलेश

- **2019 आरटीई कानून को निरस्त करने की मांग को लेकर पासवा का सम्मेलन आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** 2019 आरटीई कानून को निरस्त करने की मांग को लेकर पासवा का एक दिवसीय सम्मेलन रविवार को झारखंड की राजधानी रांची में पूर्व वित्त मंत्री सह पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव के कचहरी चौक डिप्टीपाड़ा स्थित सरकारी आवास में आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए झारखंड के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि आरटीई एक्ट में 2019 के तानाशाही संशोधन को तत्काल रद्द करवाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि निजी विद्यालयों को घबराने की आवश्यकता नहीं, सरकार 2019 के पहले स्थापित सभी यू डायस प्राप्त विद्यालयों को 2009 के आरटीई कानून के तहत मान्यता प्रदान करे। आकांक्षा डयरेक्टर वीके सिंह ने कहा कि 2019 के संवैधानिक संशोधन के प्रावधान सीबीएसई तथा झारखंड एकेडमिक काउंसिल में दसवीं तथा 12वीं के मान्यता के लिए है। पांचवीं और आठवीं क्लास तक विद्यालय चलाने के लिए नहीं। सरकार को तत्काल 2019 के संवैधानिक संशोधन को रद्द करना चाहिये। कार्यक्रम को रोशन लाल भाटिया, नीरज कुमार, जमशेदपुर जिला अध्यक्ष रमन झा, कोडरमा जिला अध्यक्ष मुन्ना यादव, हजारीबाग जिला अध्यक्ष मिंकु प्रसाद, धनबाद जिला अध्यक्ष मोहम्मद जिन्ना, चतरा जिला अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश, रांची महानगर अध्यक्ष डॉक्टर सुषमा केरकेट्टा, गढ़वा जिला अध्यक्ष एसएन पाठक, बोकारो जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, गोड्डा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार महतो, लोहरदगा जिला अध्यक्ष माजिद आलम, डायरेक्टर संजय कुमार, शहला परवीन, नीतू कुमारी, शहजादी अंबर, ममता देवी, माधुरी सिंह, रिजवाना परवीन, शबनम सिंह, मुस्कान कुमारी, आदित्य गुप्ता, छोटू साव, निधि शर्मा, प्रेरणा कुमारी, ऋति तिवारी, मो. जाबिर मुकेश कुमार, बच्चन पाण्डेय, पप्पू गौतम, सूर्यभूषण अग्रवाल, मनोहर पाण्डेय, ब्रह्मदेव दांगी, प्रमोद यादव, महेश तिवारी, राशीद इकबाल, कार्तिक विश्वकर्मा ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन पासवा के प्रवक्ता सह डीएवी सरला स्कूल के डायरेक्टर मेहुल दूबे ने किया।

### रवि स्टील चौक में नशेड़ियों ने दिया घटना को अंजाम

# याकीटोरी नेस्केट होटल में तोड़फोड़ संचालक पर जानलेवा हमला, जख्मी

**▶▶ दो लाख से अधिक नुकसान**

**▶▶ एक्टिवा स्कूटी भी क्षतिग्रस्त**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू (रांची)।** राजधानी से सटे रवि स्टील चौक में रविवार की दोपहर नशेड़ियों ने याकीटोरी नेस्केट होटल में तोड़फोड़ की और संचालक अनुपम कुमार पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान वहां खड़ी ग्रे कलर की एक्टिवा स्कूटी जेएच 01 बीके 9159 भी क्षतिग्रस्त हो गया। हमले में छह होटल कर्मचारी भी चोटिल हुये हैं। इसमें मनोज उरांव, रूपेश, विवेक, मनीष, पारस व शिवा उर्फ जेके शामिल हैं। इनके शरीर के विभिन्न हिस्से में बाहरी और अंदरूनी चोटें आयी है। घायलों का इलाज सीएचसी में कराया जा रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक, वह खतरे से बाहर हैं। दो लाख से अधिक के नुकसान होने का अनुमान है। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में रवि स्टील चौक स्थित तिग्गा कॉम्प्लेक्स के प्रोपराइटर इलियस तिग्गा और 30-35 अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सभी आरोपित झिरी के बताये जा रहे हैं। घटना होटल में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। आरोपियों के गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है।

**कैसे घटी घटना**

होटल रातू रोड निवासी जितेंद्र कुमार की है। इसका संचालन सुखदेवनगर हेहल के अनुपम कर रहे हैं। दिन के करीब 1:45 बजे दो नशेड़ी ग्राहक बन कर आये। इसमें एलियस भी था। दोनों ने ऐसी चीज मांगी, जो वहां नहीं रहता है। मना करने पर गाली-गलौज और मारपीट कर वहां से चले गये। कुछ देर बाद वह 30-35 लोगों को साथ लेकर आये और अनुपम और उसके कर्मचारियों पर न केवल जानलेवा हमला किया, बल्कि तोड़फोड़ भी की। हमलावरों ने जितेंद्र की स्कूटी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

# अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य रोका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



निर्माण कार्य को रोकने पहुंचे ग्रामीण।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के कोवालू में ग्रामीणों द्वारा भारतमला परियोजना के तहत निर्माण हो रहे एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। रविवार को निर्माण स्थल पर पहुंचे कोवालू गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने अंडरपास सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, और निर्माण कार्य रोक दिया। ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन में शामिल मुखिया बिरेंद्र मुंडा ने बताया कोवालू गांव से एक्सप्रेस-वे सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिस स्थान से सड़क गुजरना है उसके एक ओर ग्रामीण बस्ती है, वहीं दूसरी ओर गांव वालों का खेत है। एक्सप्रेस-वे सड़क पार नही किया जा सकता है। इस लिए ग्रामीणों द्वारा लगातार अंडर पास की मांग को लेकर आंदोल की जाती रही है। अब अंडर पास निर्माण की मंजूरी मिल गई है। लेकिन इसकी चैड़ाई काफी कम मात्र दस फिट है। ऐसे में ग्रामीण अपने पशुओं व अनाज के लाने के ट्रेक्टर भी ठिक से पास नही कर सकता है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि 15 फिट का अंडर पास का निर्माण नही होने पर निर्माण कार्य होने नही दिया जाएगा। इसके लिए कानूनी कार्यवायी हो या जेल जाना पड़े इसके लिए भी ग्रामीण तैयार हैं। प्रदर्शन करने वालों में मुखिया के अलावे मंजय मुंडा, राजेंद्र मुंडा, कृष्णा मुंडा, पमेश्वर मुंडा, विष्णु मुंडा, महेष गंझु, संतोष मुंडा, मुकेश मुंडा, आनंद मुंडा, शीला देवी, सुनीता देवी, भांती देवी, रवि मुंडा, सीपल देवी, निलम देवी, निर्माला देवी, सुमिदा देवी, सरिता देवी, सीमा देवी, हेमा देवी, रिता देवी, कामेश्वर मुंडा, बबलु मुंडा, मिथलेश मुंडा, कार्तिक मुंडा व शीमा देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थें।

**स्पीड न्यूज**

### पुलिस ने पोस्ते की खेती को किया नष्ट

सोनाहातू। रांची के एसएसपी और ग्रामीण एसपी के निदेर्शानुसार बुंडू डीएसपी द्वारा गठित टीम में सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में रविवार को थाना क्षेत्र के जिंतू पंचायत अंतर्गत पुड़दाग गांव के जंगल के बीच ढाई एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि अवैध खेती और मादक पदार्थों के व्यापार में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिसने पोस्ते की खेती किया है पहचान किया गया है। जल्द करवाई होगी।

### अखिल भारतीय धोबी महासंघ का बैठक



खलारी। डकरा के आंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय धोबी महासंघ का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुखराम सेठ एवं संचालन ध्वजा राम धोबी ने किया। बैठक में वीरेन्द्र कुमार रजक राँची जिला मिडिया प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में समाज को संगठित करने एवं वन भोज कार्यक्रम 12 जनवरी को पंप हाउस दामोदर नदी में करने का निर्णय किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत करने हेतु विचार विमर्श भी किया गया। मौके पर रमेश रजक, मोनू रजक, किशोर कुमार बैठा, गणेश बैठा, रवींद्र बैठा, अनुप रजक, सुरेन्द्र बैठा, रंजन रजक, मोतिलाल बैठा, अरुण बैठा, मुन्ना रजक, सुजित बैठा, विजय धोबी, उपेन्द्र कुमार रजक, गुडू रजक, संजय कुमार बैठा, संजय रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट विंटर सिरीज का उद्घाटन

ठाकुरगांव। थाना क्षेत्र के उरुगुद्दू में रविवार को पांच दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट विंटर सिरीज का उदघाटन उरूगूटू भेलवा टाँड मैदान किया गया। उदघाटन मुख्य अतिथि आजसू पार्टी कांके प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच क्रिकेट क्लब कोटा व क्रिकेट क्लब ठाकुरगांव के बीच खेला गया। जिसमें कोटा की टीम 18 रनों विजय रही। मौके पर समाजसेवी मतिउरर्हमान, राजू नायक, जैनुल अंसारी, प्रेमप्रकाश सिंह, साजीद असांरी, मंजूर असांरी, बशीर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

### ताला तोड़कर 3 बकरी की हुई चोरी



लोगों को पूछताछ करती पुलिस।

राहे। थाना क्षेत्र के बुकरूडीह गांव के सोहन कोइरी के घर का ताला तोड़कर तीन बकरी की चोरी की गई है। इस संबध में राहे थाना में मामला दर्ज किया गया है। किसान सोहन कोइरी के अनुसार शनिवार रात बकरी घर में ताला बंद किया था, अज्ञात चोर के द्वारा ताला तोड़ कर तीन बकरी की चोरी किया गया है। घटना की जानकारी रविवार सुबह को हुई। घर का ताला काटा हुआ था। घटना की जानकारी पर राहे पुलिस गांव जाकर छानबीन कर रही है।

### विधायक के अनुशंसा से बदला गया ट्रांसफॉर्मर

खलारी। विगत 15 दिनों से चुरी होयेर के अम्बा टाँड ग्राम अंधेरे में तब्दील था। उक्त ग्राम का 63 केबी का ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था। इस समस्या को लेकर समाजसेवी भोला यादव, सुरेंद्र यादव, रामसेवक यादव, ओमप्रकाश यादव, वीरेंद्र यादव, मधुराम यादव ने खराब ट्रांसफार्मर की जानकारी कांके विधायक दिया गया। जिसके बाद 5 जनवरी को विधायक सुरेश बैठा के अनुसंसा से अम्बा टाँड ग्राम में स्थापित किया गया।

## शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह मेमोरियल सोसाइटी की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** डकरा भीआईपी गेस्ट हाउस में स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी एवं टिकेत उमराव सिंह मेमोरियल सोसाइटी का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता इकबाल हुसैन और संचालन तोहिद अंसारी ने किया। बैठक में 8 जनवरी को स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी एवं टिकेत उमराव सिंह की शहादत दिवस मनाने की तैयारी के लिए चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित गणमान्य ने अपने अपने विचार रखे और सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि डकरा भीआईपी सभगर में शहादत दिवस मनाया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा व विशिष्ट अतिथि एनके पिपरवार के महाप्रबंधक और सीआईएसएफ कमांडेंट और तीनों परियोजनाओं के प्रोजेक्ट ऑफिसरऔर अंचल अधिकारी, डीएसपी व जन प्रतिनिधि उपस्थित होंगे। मौके पर साबिर अंसारी, जफरुद्दीन अंसारी, इस्लाम अंसारी, सलामत अंसारी, मुश्ताक अंसारी इकबाल खान, जावेद अंसारी, समसुल होदा, हलीम भाई, साहनी आलम, मुमताज आलम सहित अन्य उपस्थित थे।

### कल्याण मंत्री से मिले इंटरमीडिएट बेड़ो के शिक्षक

## इंटरमीडिएट कॉलेज के शिक्षकों को भी प्लस टू में समायोजन किया जाना चाहिए : चमरा लिंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिक्षक मंत्री चमरा लिंडा से मिलकर मांग पत्र सौंपते हुए।

**बेड़ो।** झारखंड इंटरमीडिएट शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर स्वर्णरेखा आदिवासी पीजी छात्रावास के छात्र प्रमुख बिरसा उराँव के अगुवाई में आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से मिलकर अपनी बातों को रखा। जिसमें करमचंद भगत महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के इंदू मिंज, शकुंतला केरकेटा, संजय कुमार ने मंत्री को इंटरमीडिएट की समस्याओं से अवगत कराया। वहीं मंत्री ने शिक्षकों की बातों को सुनकर उनकी समस्याओं को सरकार की संज्ञान में पहुंचाने की बात कही। जब इंटरमीडिएट के छात्रों को डिग्री कॉलेज से अलग करना है तो शिक्षकों को भी प्लस टू में समायोजन किया जाए। 6 से 10 साल तक की पढ़ाने की अनुभव रखते हैं। डिग्री कॉलेज से इंटरमीडिएट को अलग किया जा रहा है, लेकिन शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए भी सरकार इस विषय में संज्ञान लेते हुए शिक्षकों को प्लस टू में समायोजन किया जाए। बेरोजगार होने से सरकार हटाने से पहले हम सभी शिक्षकों की व्यवस्था रोजगार दिया जाए। व्यवस्था बनाएं डिग्री कॉलेज से अलग करके इंटरमीडिएट एक अलग व्यवस्था किया जाए प्लस टू में बहुत से ऐसे विषय हैं जिसकी पढ़ाई नहीं होती है। जैसे जनजातीय भाषा एवं क्षेत्रीय भाषा कुरुख, नागपुरी, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान व गृह विज्ञान आदि बहुत ऐसे विषय हैं। जिनकी प्लस टू में पढ़ाई नहीं होती है।अगर इंटर में नहीं पढ़ेंगे तो विद्यार्थी ऑनर्स में कैसे रख सकते हैं।

### रुद्र आरसीएम वंडर व वर्ल्ड क्विक प्रतिष्ठान का शुभारंभ

**▶▶ राजकुमार महतो ने फीता काटकर किया उद्घाटन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार स्थित किचटो में रुद्र आरसीएम वंडर व वर्ल्ड क्विक का उद्घाटन समारोह आयोजित कर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रॉयल्टी अचीवर राजकुमार महतो, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्टार प्लैटिनम श्रीकांत, किचटो पंचायत मुखिया संगीता देवी, उप मुखिया ललिता देवी, पंसस सुनीता देवी, पंसस इन्ना देवी एवं समाजसेवी नागेश्वर महतो उपस्थित थे। रुद्र आरसीएम वंडर वर्ल्ड क्विक का उद्घाटन मुख्य अतिथि रॉयल्टी अचीवर राजकुमार महतो सहित अन्य आगंतुक अतिथियों ने फीता काटकर किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत महतो एवं संचालन रूपलाल महतो ने किया। इस उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए रॉयल्टी अचीवर राजकुमार महतो ने कहा कि आरसीएम से संबंधित सभी प्रोडक्ट गुणवत्ता युक्त है इस तरह का सेंटर पिपरवार कोयलांचल में खोले जाने से इस आसपास के ग्रामीणो को लाभ मिलेगा। इस दौरान उन्होंने अपने उत्पाद को लेकर लोगों से मुखातिब होकर संवाद कर इसकी लाभ और अन्य कंपनी के उत्पाद उपयोग में होने वाले हानि के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में कृष्णा सुरेंद्र साहू भुवनेश्वर महतो सहित काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा की ओरमांझी में बैठक

## ग्रामीण क्षेत्र में 15000 भाजपा सदस्य बनाने का लक्ष्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**




ओरमांझी में भाजपा ओवीसी मोर्चा के पदाधिकारी।

**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी का संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत ओरमांझी में रविवार को ओबीसी मोर्चा की एक बैठक जिला अध्यक्ष नरेश साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें उपस्थित ओवीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान को लेकर दिशा-निर्देश देने के साथ रांची जिला ग्रामीण में 15000 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप स्वर्णकार ने सात जनवरी से जिला के सभी मंडलों में कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाने को कहा, इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा को 59 लाख वोट मिले हैं। वहीं पुरे प्रदेश में पार्टी को 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य को पुरा करने को राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश, जिला व मंडल के सभी पदाधिकारी अपने कोड से सदस्य बनाने व लक्ष्य प्राप्त करने का कार्य करेगें। उन्होने कहा मिले लक्ष्य को प्राप्त करने वाले को ही प्रदेश, जिला व मंडल के पदाधिकारी के लिए दावेदारी कर सकेगें। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री चतुर साहू व धन्यवाद ज्ञापन मंडल महामंत्री चंद्रमोहन महतो ने किया। कार्यक्रम में ग्रामीण जिना अध्यक्ष विनय कुमार महतो, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू, सुरेंद्र महतो, मानकी राजेंद्र शाही, प्रीतम साहू, रविंद्र कुमार वर्मा, चतुर साहू, अखिलेश यादव, अभिषेक कुमार चैहान, प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रजापति, प्रदीप साहू, हलदर महतो सुनील महतो सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## मजदूर संघ का प्रतिनिधि मंडल सांसद अदित्य प्रसाद साहू से मिले



सांसद से मिलकर जानकारी देता प्रतिनिधि मंडल।

**नामकुम।** रविवार को क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ का प्रतिनिधि मंडल राज्य सभा सांसद अदित्य प्रसाद साहू से मिला। संघ के सचिव पिंटू सिंह ने सांसद को बताया कि रेलवे, आयकर विभाग, झारखंड शिक्षा परियोजना, जिलाधिकारी कार्यालय और केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में बहुत से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हैं। जिन्हें ईएसआई,पीपीओ को कोई सुविधा नहीं मिलती है। श्री सिंह ने सांसद से देश हित मे इस समस्या का समाधान करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य 2047 तक तय किया है।इस लक्ष्य को भारत के मजदूरों के बिना प्राप्त करना संभव नहीं है। संगठन द्वारा रखे गए मुद्दों को सांसद श्री, साहू ने ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को वह श्रम मंत्री और अन्य मंचों पर इसको उठाएंगे और समाधान करने का प्रयास करेंगे।

### तेज रफ्तार बोलेरो ने वाहन को ठोकर मारी

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के बारीडीह चैक के पास रविवार को एक साथ चार वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गई। दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि सिकिदीरी ओरमांझी रोड़ बरीडीह के पास सड़क में बड़ा ठोकर बना हुआ है। ठोकर पार करने के दौरान ज्यादातर वाहनों की गति काफी स्लो हो जाती है। कई वाहन उक्त ठोकर के पार करने के लिए लाइन से जा रही थी। उसी दौरान ओरमांझी से सिकिदिरी की ओर तेज रफ्तार में जा रही बोलेरो जेएच07डी-7745 ने एक कार का पिछे से जोरदार ठोकर पार दिया। जिससे असके आगे-आगे ठोकर पार करने के लिए स्लो हुए कई वाहन एक दूसरे से टकरा गए। दुर्घटना के बाद सभी वाहन चालक एक दूसरे से उलझ गए और हो हंगामा करने लगे। सूचना मिलने पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा बोलेरो को सहित एक होंडा सीटी कार व एक स्वीप डीजायर कार को जब्त कर थाना ले गई। वहीं दो वाहन चालक पुलिस को देखकर चले गए। वहीं जब्त कार के चालाक की शिकायत पर बेलोरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### डांस स्टुडियो में प्रशिक्षण की हुई शुरूआत



सिल्ली। सिल्ली के झारखंड मोड़ बैंक ऑफ इंडिया के निकट डीडब्ल्यूएम डांस स्टूडियो की शुरूआत हुई। डांस स्टूडियो के निदेशक एवं संस्कार भारती ग्रामीण जिला के नृत्य संयोजक मोहन साहिस ने डांस स्टूडियो के पहले क्लास की शुरूआत की। मोहन सहिस ने बताया कि यह अपने तरह का इलाके का पहला डांस स्टूडियो है जहां बच्चों को शास्त्री नृत्य में भरत नाट्यम, कत्थक, ओडिसी नृत्य एवं फोक डांस की शिक्षा दी जाएगी। इसके अलावा गायन में भी शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी जाएगी। प्रशिक्षण कला क्षेत्र के प्रसिद्ध प्रशिक्षकों द्वारा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस एकेडमी में नृत्य एवं संगीत के साथ डिजिटल फोटोग्राफी का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर संस्कार भारती के ठाकुरदास महतो, प्रसिद्ध ढोल वादिका हेमली कुमारी, संस्था को फाउंडर धीरज कुमार प्रमाणिक, मोनी सहिस एवं रास मनी सहिस समेत कई लोग मौजूद थे।

### बोलेरो के चपेट में आने से बाइक सवार घायल

सिकिदिरी। सिकिदिरी थाना क्षेत्र के बदरी जंगल के समीप एक अज्ञात बोलेरो ने दो बाइक को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक में सवार चार युवक घायल हो गए। जिसमे एक युवक मंगला चरण बेदिया (19) की स्थिति गंभीर बताई जाती है। घटना रविवार की रात आठ बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार चारो युवक ओबर निवासी मंगला चरण बेदिया, कुच्चू निवासी सुरेन्द्र बेदिया, प्रदीप भोगता व हृदय महली दो अलग-अलग बाइक में सवार होकर खभावन बजार से अपने घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान बदरी जंगल में विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो ने दोनों बाइक को अपने चपेट में ले लिया। मौका पाकर चालक बोलेरो लेकर फरार हो गया। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा। घटना की सूचना सिकीदीरी थाना को दे दी गई है।

## जरूरतमंदों के बिच कंबल का वितरण



**पिस्का नगड़ी।** नगड़ी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत देवरी में उप प्रमुख, नगड़ी-सह-पंचायत समिति सदस्य देवरी अफसाना प्रवीण के नेतृत्व में नायक मुहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला देवरी, फुटकल टोली बसीला, टंगरा टोली बसीला के गरीब, असहाय, दिब्यांग, वृद्धाओं तथा जरूरतमंदों के बिच कंबल का वितरण किया गया। कड़ाके की इस ठंड में गरीब एवं जरूरतमंद ग्रामीण कंबल मिलने पर काफी खुश हुए। साथ ही साथ गरीब,दिब्यंग एवं वृद्ध माताओं ने उप प्रमुख अफसाना प्रवीण की सराहना करते हुए आशीर्वाद भी दिया। मौके पर मदुवा कच्छप, सालिक लोहरा, ललन अंसारी, एकरामुल अंसारी, वीरू नायक, अफसर अंसारी, शनि नायक, सलामत अंसारी, सद्दाम हुसैन, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## वृद्ध एवं जरूरतमंदों के बीच सहायक सामग्री का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मांडर।** प्रखंड के सुरसा पंचायत भवन में भारत सरकार के राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वृद्ध एवं जरूरतमंदों को सहायक सामग्री-व्हील चेयर, वॉक स्टीक एवं कान का उपकरणों का निःशुल्क वितरण रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उप प्रमुख अमानत अंसारी मौजूद थे। इस दौरान लगभग एक सौ बीस वरिष्ठ नागरिकों के बीच सहायक सामग्री का निशुल्क वितरण किया गया। सभा का संचालन दिव्यांग समाज सेवी आफताब आलम द्वारा किया गया। मौके पर जिला अल्पसंख्यक ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष शमीम अख्तर, आबिद अंसारी, कांग्रेस के युवा प्रखंड अध्यक्ष शमसुल शेख, सुरसा पंचायत की मुखिया फूलमनी मिंज, विधायक प्रतिनिधि रशीद अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, होशे उरांव आदि मौजूद थे।

## मानव सेवा से बड़ा और कोई धर्म नहीं : कैलाश कुमार

### कपड़ा बैंक ने 300 लोगों के बीच कंबल व कपड़े का वितरण किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण करते कपड़ा बैंक के सदस्य।

**बेड़ो।** कपड़ा बैंक बेड़ो की टीम द्वारा अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में तेतरा गांव के जरूरतमंदों बीच 300 कंबल एवं कपड़ों का वितरण किया। लोगों के बीच ठंढ कपड़े स्वेटर, जैकेट, कम्बल, सौल, साड़ी, जीन्स पैंट, सर्ट, कुर्ती, बच्चों के कपड़े इत्यादि बांटा गया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरित किया जा सके कपड़ा बैंक का संचालन उन्हीं लोगों के सहयोग से हो रहा है। लोगों के जीवन की मुख्य आवश्यकता में रोटी, कपड़ा और मकान होती है जिसमे कपड़ा भी प्रमुख है जो लोगों के तन ढकने के लिए आवश्यक है। कपड़ा बैंक के सदस्य निःस्वार्थ इस कार्य में लगातार लगे हुए हैं और जरूरतमंदों तक अपने खर्च से कपड़ा पहुंचा रही है और किसी से कोई आर्थिक मदद नहीं ले रही है। ककरिया के प्रवीण कुमार, खुदू कुमार, अरूप तेतरा से प्रदीप खलखो व कार्तिक उरांव का समेत कपड़ा बैंक के कैलाश कुमार, सुनील महतो, अनुज कुमार गुप्ता, शक्ति साहू व मुकेश कुमार के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## नव वर्ष से दोगुने पर्यटक पहुंचे हुंडरू, जोन्हा और सीता फॉल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिकिदिरी।** नव वर्ष के पहले रविवार को प्रखंड के हुंडरू,जोन्हा और सीता फॉल में एक जनवरी से दोगुने पर्यटक घूमने व पिकनिक मनाने पहुंचे। झारखंड समेत पश्चिम बंगाल,बिहार,उड़ीसा व छतीसगढ़ से पर्यटक यहां पिकनिक मनाने और घूमने पहुंचे थे। पार्किंग में जगह कम पड़ गई थी। हुंडरू फॉल पुल में वाहनों का लम्बा जाम लग गया था। पैर रखने की जगह तक नहीं थी। हुंडरू फॉल में मुख्य द्वार से हुंडरू-अनगड़ा मार्ग में करीब डेढ़ किलोमीटर पहले हुंडरू बस्ती से ही वाहनों की लंबी कतार सड़क के दोनों लग गई थी। भीड़ इतनी थी की शाम सात बजे तक पर्यटकों की भीड़ निकल रही थी। इसके अतिरिक्त दुसरे छोर पर भी सिकिदिरी-हुंडरू फॉल पथ में वाहन सड़क के दोनों ओर करीब एक किलोमीटर पहले से ही पार्क किया गया था। जगह नहीं मिलने के कारण कुछ पर्यटक अपने परिवार के साथ सड़क के किनारे खाली पड़े खेतों में पिकनिक मनाते नजर आए। पर्यटकों में खासकर महिलाओं के लिए पेयजल और शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से उन्हे काफी परेशानी हुई। रविवार की सुबह साढ़े चार बजे से ही वाहनों का पहूंचना शुरू हो गया था।

झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि हुंडरू फॉल में नव वर्ष से दोगुनी करीब 30 से 35 हजार पर्यटक फॉल घूमने पहुंचे थे।

